

# कवर्ड कैंपस में सात फीट धंसी जमीन

## अफरा-तफरी मची, तीन कारें हुईं क्षतिग्रस्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 5 सितंबर. कोलार इलाके में लगातार बारिश के बीच आम्रवेली कवर्ड कैंपस में करीब 7 फीट नीचे जमीन धंसक गई. शुक्रवार रात करीब 12 बजे दानिश कुंज के पास स्थित कैंपस में जमीन धसकने से अफरा-तफरी का महौल बन गया. घटना स्थल पर खड़ी तीन कारें भी क्षतिग्रस्त हो गई.**

गनीमत रही कि हादसे की चपेट में कोई भी व्यक्ति नहीं आया. मिट्टी का कटाव होने से वहां लगे कुछ पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा है. रहवासियों की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के लोग भी वहां पहुंचे. क्रेन से कारों को सुरक्षित निकला गया. लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वहां निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया है. जमीन धसकने से कैंपस में बने अपार्टमेंट में कोई भी नुकसान नहीं हुआ है. कलियासोत नदी के कैचमेंट इलाके में आम्रवेली कैंपस का निर्माण उज्वला बिल्डर्स ने कराया है. कैंपस में लगातार निर्माण का कार्य भी चल रहा है. यहां बनी बिल्डिंग करीब 8 मंजिला है और लोगों को पार्किंग की सुविधा भी दी गई है. कैंपस के अंदर ही करीब 7 फीट नीचे की जमीन पर स्वीमिंग पूल और गार्डन तैयार कराया गया है. इसके लिए एक रास्ता भी ऊपर की तरफ बनाया गया था, जहां अस्थाई तौर पर वाहन भी पार्क किए जा रहे थे और हादसे के समय वहां खड़ी कारें, जमीन धसने से नीचे चली गईं. रात के समय ही बचाव दल ने पहुंचकर रेस्क्यू किया. कैंपस की बाउंड्री से बहुत नीचे नदी का पानी बारिश के दिनों में बहता है.

### 14 साल पहले हुआ था कैंपस का निर्माण

आम्रवेली कॉलोनी में घटना स्थल का मेंटेनेंस करा रहे सुरवाइजर सुखदेव विश्वकर्मा ने बताया कि करीब 14 साल पहले कैंपस का निर्माण कार्य शुरू हुआ था. जमीन धसने से बने अपार्टमेंट में कोई खामी नहीं आई है. परिसर के अंदर ही करीब 7 फीट नीचे का एरिया रहवासियों की सुविधा के लिए ही तैयार किया गया है.



## छात्र के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**भोपाल.** अवधपुरी इलाके में एक 28 वर्षीय महिला ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप एक छात्र पर लगाया है. दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया के माध्यम से 6 महीने पहले हुई थी. महिला ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करती है. मार्च में सोशल मीडिया के माध्मय से छात्र से उसकी दोस्ती हुई. इसके बाद आरोपी ने उससे मिलने की जिद की. महिला ने भी हामी भर दी और आरोपी ने शादी करने का महिला को झांसा देकर दुष्कर्म किया. पीड़िता का आरोप है कि आरोपी बाद में अपनी बातों से मुकर गया. परेशान होकर महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. आरोपी फरार चल रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है.

# मरम्मत का खर्च ठेकेदार से वसूला जाएगा

## अंबेडकर सेतु को लेकर लोक निर्माण विभाग सख्त

### 20 प्रतिशत क्षतिपूर्ति भी होगी वसूल

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 सितंबर. लोक निर्माण विभाग ने अंबेडकर सेतु की खराबियों को लेकर सख्त रुख अपनाया है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि फ्लाईओवर की मरम्मत और संधारण पर होने वाला पूरा खर्च ठेकेदार संस्था मेसर्स वी.के.एस.सी. इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड से वसूला जाएगा.**

मरम्मत की वास्तविक लागत के साथ 20 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि भी ठेकेदार से ली जाएगी. विभाग ने दावा किया कि इस कार्य के लिए कोई अलग बजट या अतिरिक्त राशि स्वीकृति नहीं की गई है. गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक बने अंबेडकर सेतु का निर्माण 31 दिसंबर 2024 को पूरा हुआ था. अनुबंध के अनुसार इसकी दोष दायित्व अवधि (डीएलपी) 30 दिसंबर 2029 तक है. इस अवधि में निर्माण और संधारण से जुड़ी खामियां दूर करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है. वर्षाकाल में निरीक्षण के दौरान फ्लाईओवर के ड्रेनेज स्पाउट और वर्षाजल निकासी पाइप चोक व क्षतिग्रस्त मिले.

कई जगह पानी सड़क पर गिरने के साथ एक्सपेंशन जॉइंट से पानी का रिसाव, सर्विस रोड पर जलभराव और गड्ढों जैसी समस्याएं सामने आईं. विभाग ने 31 जुलाई और 11 अगस्त को ठेकेदार को सुधार के निर्देश दिए थे. झलेकिन निर्धारित 15 दिन में सभी खामियां दूर नहीं की गईं.

> डीएलपी अवधि में जमा परफॉर्मेंस गारंटी से भी खर्च की वसूली का प्रावधान है. इसी बीच ठेकेदार संस्था ने नई निविदा प्रक्रिया के खिलाफ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में याचिका दायर की. न्यायालय ने फिलहाल निविदा प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए ठेकेदार को सभी खामियां दूर कर पालन प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिए हैं. लापरवाही को लेकर विभाग ने 11 अगस्त को ठेकेदार संस्था के पंजीयन को काली सूची में डालने के संबंध में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है.

# पैसे वसूलने कांट्रेक्टर को 5 दिन बंधक बनाया

## दो बदमाश गिरफ्तार, दो फरार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 5 सितंबर. कटारा हिल्स इलाके में चार बदमाशों ने मिलकर पैसे वसूलने की नीयत से एक कांट्रेक्टर का अपहरण कर 5 दिन तक बंधक बनाकर रखा. कांट्रेक्टर को जिस फ्लैट में रखा गया था, वहां पड़ोसी ने शक होने पर पुलिस को इसकी सूचना दी गई.**

मौके पर पहुंची पुलिस ने कांट्रेक्टर को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाया. पुलिस ने मौके पर ही 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. शनिवार को पुलिस ने उनका जुलूस भी निकाला. फरार दो बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है.

पुलिस के मुताबिक बदमाश हर्ष मेहरा (28) निवासी लहारपुर और रोनिन गुप्ता (20) निवासी





अमरीन होम को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने लेबर कांट्रेक्टर यशवंत लोधी (47) निवासी सेमनिया भदभदा का अपहरण कर लिया था. यशवंत ने पुलिस को बताया कि आरोपी दीपक उर्फ रोहन बिष्ट उर्फ चीकू, हरीश दुबे, हर्ष मेहरा, रोनित राज गुप्ता ने उन्हें बंधक बनाकर रखा. चारों ने 5 दिनों तक यशवंत के साथ मारपीट भी की. धारदार हथियार अड़ाकर यशवंत को हर रोज जाने से मारने की धमकी भी दी गई और उनका मोबाइल एवं टेबलेट भी छीन लिया गया था.

**रुपए कमाने का दिया लालचः** पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी हर्ष मेहरा नामी बदमाश है. उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में 15 अपराधिक रिकार्ड दर्ज हैं. पुलिस अब दीपक का आराधिक रिकार्ड खंगाल रही है. आरोपी रोनिन गुप्ता वर्तमान में सेज यूनिवर्सिटी का छात्र है. मास्टमाइंड हरीश दुबे बताया जा रहा है. हरीश ने भी सेज यूनिवर्सिटी में अपनी पढ़ाई पूरी की है. कांट्रेक्टर यशवंत को हरीश ने रुपयों का लालच देकर अपने साथ लिया. यशवंत का आरोप है कि 15 दिन पहले दीपक ने उसे वॉट्सएपकाल कर रुपए कमाने का लालच दिया. दीपक ने यशवंत को बताया कि वह उसके साथ काम करेगा तो होने वाले मुनाफे का 3 प्रतिशत उसका रहेगा. एमपीनगर में यशवंत से मिलने आए दीपक के साथ हर्ष भी था. इसके बाद सभी एक साथ विदिशा घूमने गए, जहां यशवंत का बैंक खाता नं. और संबंधित कार्ड पासवर्ड सहित दस्तावेज ले लिया गया. इसके बाद आरोपियों ने 31 अगस्त को यशवंत का अपहरण कर लिया था.

# क्लब डांसर के जरिए एमडी खपा रहा था हरियाणा का तस्कर

▶ गुजरात कनेक्शन का खुलासा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 सितंबर. अयोध्यानगर पुलिस ने एमडी ड्रग्स की तस्करी के मामले में हरियाणा के एक तस्कर संदीप सिंह को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में पुलिस के सामने एमडी की सप्लाई का गुजरात कनेक्शन सामने आया है.**

पुलिस के अनुसार गुजरात के वडोदरा में बैठे तस्कर से संदीप सिंह भोपाल में एमडी मंगवाता था और शहर के अलग-अलग क्लबों में इसकी सप्लाई कराता था. क्लबों में मोना नाम की डांसर के जरिए युवाओं तक एमडी पहुंचाए जाने की जानकारी भी सामने आई है. पुलिस अब मोना की तलाश कर रही है.

पुलिस को 2 सितंबर को सूचना मिली थी कि दशहरा मैदान के पास एक व्यक्ति स्कूटी से एमडी बेचने आने वाला है. सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ग्रे रंग की एक्टिवा से पहुंचे संदीप सिंह को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसके लोअर की जेब से मार्लबोरो सिगरेट की डिब्बी में रखी पारदर्शी पालीथिन मिली. इसमें हल्के सफेद रंग का दरदरा पदार्थ था. आरोपी ने इसे एमडी ड्रग्स बताया. मादक पदार्थ का वजन किया, जो पन्नी सहित 10 ग्राम 83 मिलीग्राम निकला. आरोपी के पास से 700 रुपये नकद और स्कूटी भी जब्त की गई. पूछताछ में संदीप ने पुलिस को बताया कि वह एमडी को करीब 5 से 10 हजार रुपये प्रति ग्राम में बेचता था. वह बस से गुजरात के वडोदरा जाता था और वहां पहले रह भी चुका है.

# डॉक्टर से 25 हजार की ठगी

## जालसाज ने वॉट्सएप पर भेजा क्यूआर कोड

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 5 सितंबर. कोलार रोड थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है. एक डॉक्टर को उसके जीजा के मोबाइल नंबर से वॉट्सएप मैसेज भेजकर 25 हजार रुपए की जरूरत बताई गई.**

मैसेज पर भरोसा कर डॉक्टर ने क्यूआर कोड के जरिए रकम ट्रांसफर कर दी. बाद में जीजा को फोन लगाने पर पता चला कि उनका मोबाइल हैक कर लिया गया है और उन्होंने कोई रकम नहीं मांगी थी. पुलिस के अनुसार डॉ. लोकेश कुमार मित्तल, निवासी एमजी-16 फॉर्च्यून एस्टेट फेस-2, कोलार रोड ने शिकायत में बताया कि वह जेपी अस्पताल में डॉक्टर हैं. 2 सितंबर को दोपहर करीब 12:02 बजे उनके जीजा प्रवीण अग्रवाल के मोबाइल नंबर से उनके वॉट्सएप पर मैसेज आया. इसमें 25 हजार रुपए मांगे गए. डॉक्टर ने पूछा कि किस नंबर पर पैसे भेजने हैं, तो क्यूआर कोड भेजा गया. इसके बाद उन्होंने अपनी दोस्त डॉली यादव की मदद से क्यूआर कोड पर 25 हजार रुपए का भुगतान कर दिया. डॉक्टर ने भुगतान का स्क्रीनशॉट जीजा को भेजा और पूछा कि पैसे मिल गए हैं या नहीं. इस पर प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने पैसे नहीं मांगे थे और उनका मोबाइल रूप से हैक कर लिया गया है.

## शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे शामिल**

**मंडीदीप.** सामाजिक संस्था सेवा समिति द्वारा लगातार 35वें वर्ष शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया जा रहा है. समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह पाल ने बताया कि समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ प्रदेश के राज्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. समारोह में ब्लॉक के सेवानिवृत्त शिक्षकों, मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र के सभी स्कूल संचालकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाएगा.साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा सेवा समिति द्वारा चयनित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा.


**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।



**कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय भोपाल के प्रतिलिपि अनुभाग में प्रतिलिपिकरण कार्य (फोटोकॉपी मशीन स्थापना एवं संचालन) हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जा रही हैं. इच्छुक संस्थाओं, व्यक्तियों एवं कंपनियों से निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं. इच्छुक संस्थायें / व्यक्तियों / कंपनियां अपनी निविदा दिनांक 23.09.2026 को सायं 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं. प्राप्त निविदायें दिनांक 24.09.2026 को सायं 05:00 बजे विभागीय समिति के समक्ष खोली जावेंगी. निविदा की शर्तों संबंधी निविदा प्रलेख उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय भोपाल की वेबसाइट https://bhopal.dcourts.gov.in एवं https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रलेख एवं शर्तें डाउनलोड की जा सकती हैं.

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भोपाल (म.प्र.)

G18212/26


# गोंडीपुरा की टीम ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता जीती



**बैरसिया, 5 सितंबर. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाल विहार में कुलदीप सिंह राठौर मित्र मंडल द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**

युवाओं की कई टोलियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ मटकी फोड़ने के लिए जोर आजमाइश की. प्रतियोगिता में गोंडीपुरा टीम ने मटकी फोड़ने में सफलता हासिल की. विजेता टीम को 21 हजार रु एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया. राठौर ने बताया कि इस तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का उद्देश्य हमारी गौरवशाली परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ युवाओं में आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्दकी भावना को मजबूत करना है.

# लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**बैरसिया,5 सितंबर. लायंस क्लब बैरसिया द्वारा शनिवार को पीएम श्री शासकीय सरोजनी नायडू कन्या उमावि में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक विष्णु खत्री, दीपक दुबे और प्राचार्य गीता जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया. समारोह को संबोधित करते हुए विधायक खत्री ने कहा कि शिक्षा के साथ शिक्षक व्यक्तित्व का निर्माण करें. विधायक ने प्राचार्य गीता जोशी एवं शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया. जिन्होंने 11 वर्ष के सेवाकाल में एक बर भी गर्मी की छुट्टी नहीं ली. इसके अलवा तीन सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित 30 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में पनिया गांव की कक्षा 9 वीं की छात्रा रोशनी नायक ने मनमोहक गुरु वंदना की प्रस्तुति दी. विधायक विष्णु खत्री ने छात्रा रोशनी को 10 हजार रुपए पुरुष्कार देने की घोषणा की.संचालन समाजसेवी दीपक दुबे ने किया. आभार लायंस क्लब के अध्यक्ष मनोहर लाहौटी ने माना. इस अवसर पर लायंस क्लब के ओमप्रकाश गुप्ता, अमरजीत सिंह गांधी, वीरेंद्र जैन, शिक्षिका निधि श्रीवास्तव, शिशुपाल सिह राजपूत, राजेंद्र कुशवाह, रमा ठाकुर, सुजाता पुरोहित, सुरेश अहिरवार, मोवत सिह ठाकुर समेत अनेक लोग उपस्थित थे.


**NAME CORRECTION**

I, MAYA SAHU, D/o Shri Ram Pravesh Sahu, resident of House No. 1206, Shivaji Ward, Gandhinagar, Madhya Pradesh, declare that MAYA BHARTI and MAYA SAHU are one and the same person. My correct and current name is MAYA SAHU.



**होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन**
**टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च**
**नेशनल ओलंपियाड प्रोग्राम 2026-2027**
**एस्ट्रोनॉमी, बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फि ज़िक्स, जूनियर साइंस में**

इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के इच्छुक सभी स्टूडेंट्स को 21 और 22 नवंबर, 2026 को संबंधित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन (NSEs) (साइंस विषयों के लिए) में शामिल होना होगा, जो इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिज़िक्स टीचर्स (IAPT) द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

NSE में क्वालिफाई करना, 2027 के संबंधित इंटरनेशनल ओलंपियाड में हिस्सा लेने की दिशा में पहला कदम है।

एनरोल करने के लिएः NSEs: https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2026)

अधिक जानकारी के लिएः https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

CBC48143/11/0006/2627


**अनदेखी** ▶ मरीजों की जान के साथ हो रहा है खिलवाड़, बिना परमिशन के खोलीं क्लीनिक

# मंडीदीप में गली-मोहल्लों में चल रहीं झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें

नवभारत न्यूज

**मंडीदीप, 5 सितंबर. औद्योगिक नगरी में गली-गली में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है. लगभग दर्जनों दवाखाने ऐसे हैं, जिनके पास कोई परमिशन ही नहीं है. फिर भी वो बिना किसी डर से मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं.**




सतलापुर, नयापुरा और पीपलिया गज्जू क्षेत्र में सैकड़ों ऐसे डॉक्टर हैं जो जिला स्वास्थ विभाग की बिना अनुमति के क्लीनिक रहे हैं.जब इनसे जानकारी ली गई तो कुछ ने कहा कि हम आयुर्वेद पद्धति से इलाज करते है जबकि उनके दवाखाने में इंजेक्शन लगाते हुए देखा गया.

शहर में ज्यादातर लोग फैक्ट्रियों में काम करते हैं और उनके पास बड़ी हॉस्पिटलों में जाने में सक्षम नहीं होते. इसलिए इन झोलाछापों के पास जाकर इलाज करा लेते हैं. मरीज की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाए तो यह उन्हें ऐसी अस्पताल में भर्ती करवाते है, जिसमें आयुष्मान कार्ड लगता हो. इसके एवज में यह अपना कमीशन लेकर चले जाते हैं. छोटी बीमारी के लिए भी हॉस्पिटल वाले दस से पंद्रह अपने यहां इलाज करते हैं और उसके खाते से दो-ढाई लाख रुपए निकाल लेते हैं. ऐसी ही कुछ शिकायत मिलने पर तीन दिन पहले मंडीदीप की कुछ बड़ी हॉस्पिटलों में आयुष्मान अधिकारियों ने जांच की थी.

### इनका कहना है

आपके द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों की जानकारी मिली. कोई गलत तरीके के इलाज कर रहा है और उसके पास कोई वैध कागजात नहीं है तो जल्द कार्रवाई करेंगे. हमारी टीम ने अभी मंडीदीप में कुछ हॉस्पिटलों की आयुष्मान को लेकर जांच की है.

**दिनेश खत्री,**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायसेन**


**भारतीय स्टेट बैंक**
होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग)
एच. एल. सी.-1, द्वितीय तल, वाणिज्यिक शाखा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
फोन नं. 0755-2575163,2575170, E-mail : sbi.04484@sbi.co.in

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) [13(4)]**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणी एवं जमानतदारों को मांग सूचना निम्नलिखित दिनांक के अनुसार जारी किया। इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने केलिये कहा गया था। ऋणी/जमानतदारों द्वारा उक्त राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी/जमानतदारों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम (8) के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित सम्पति को उनके सामने दर्शाये गये दिनांक को कब्जे में लिया है। ऋणी/जमानतदारों को विशेष रूप से आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और इस सम्पत्ति के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग), अरेरा हिल्स, भोपाल** को देय ब्याज एवं खर्चो के अध्यधीन प्रभार (Charge) होगा। इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| बकायादार का नाम | 60 दिवस मांग सूचना दिनांक | नोटिस राशि रू. | बंधक सम्पत्ति का विवरण एवं भवन/प्लॉट की सीमाएँ/स्थिति |
|---|---|---|---|
| **1. श्री प्रमोद मानकर पुत्र श्री भानजी मानकर 2. श्रीमती गीता मानकर पत्नी श्री प्रमोद मानकर** सीआईएफ पता और संपत्ति पता : फ्लैट नं. टी-2, तृतीय तल, प्लाट नं.226-एम और 227-एम,साई विशाल अपार्टमेंट, राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, ग्राम नयापुरा, कोलार रोड, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल-462042 (म.प्र.) | 22/06/2026 कब्जा दिनांक 01/09/2026 | राशि रू. 13,06,073/- + देय ब्याज व अन्य खर्च | फ्लैट नंबर टी-2,तृतीय तल, प्लाट नं. 226-एम और 227-एम, साई विशाल अपार्टमेंट, राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, ग्राम नयापुरा, कोलार रोड, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल-462042 (म.प्र.), क्षेत्रफलः 84.10 वर्ग मीटर, सीमाऐं (शीर्षक विलेख के अनुसार) पूर्व- प्लाट नं. 245 और 244, पश्चिम-रोड, उत्तर- फ्लैट नं. टी-1, दक्षिण- फ्लैट नं.टी-3, संपत्ति मालिक: - श्री प्रमोद मानकर पुत्र श्री भानजी मानकर और श्रीमती गीता मानकर पत्नी श्री प्रमोद मानकर |

दिनांक : 06.09.2026 — प्राधिकृत अधिकारी